राजस्थान पत्रिका

All Rights Reserved With Rajasthan Patrika

Sun, 02 Apr-17; Rajasthan Patrika - Delhi; Size : 274 sq.cm.; Page : 11

बस फॉलो करें ये टिप्स...

सेवानिवृत्ति के बाद नहीं होगी पैसे की दिक्कत

अरुण ठुकराल
प्रबंध निदेशक, एक्सिस सिक्योरिटीज

सेवानिवृत्ति की योजना तैयार करना मुश्किल काम है। जल्दी सेवानिवृत्ति की आकांक्षा के बीच उम्मीद की जाती है कि सेवानिवृत्ति के बाद कम से कम 25 साल जीना है। इसके अलावा स्वास्थ्य की देखभाल पर लगातार बढ़ते खर्च के मद्देनजर सेवानिवृत्ति के बाद स्वास्थ्य सेवा पर भी काफी खर्च हो जाता है। सेवानिवृत्ति नियोजन, दरअसल अपने और अपने जीवन साथी दोनों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद आय का प्रबंधन है जिसमें यह मान लिया जाता है कि तब तक बच्चे व्यवस्थित होंगे और उनकी शादी हो चुकी होगी।

सेवानिवृत्ति की योजना कब

सेवानिवृत्ति की योजना तैयार करने के लिए कोई भी वक्त सही है शर्त यह है कि आप जितनी देर से योजना शुरू करते हैं, सेवानिवृत्ति के बाद उसी स्तर का जीवन स्तर बरकरार रखने के लिए मासिक आधार पर आपको उतनी ही ज्यादा बचत करनी होगी। इसलिए जितनी जल्दी आप शुरुआत करते हैं आपके लिए उतना ही बेहतर है। जितनी जल्दी आप शुरू करते हैं लक्ष्य प्राप्त करने की गुंजाइश उतनी जल्दी होती है क्योंकि चक्रवृद्धि ब्याज अपना चमत्कार दिखा सकता है।

चक्रवृद्धि का जादू

आइंस्टीन ने कहा था कि चक्र वृद्धि ब्याज विश्व का आठवां आश्चर्य है। जो इसके गणित को समझ गया वह इसका फायदा उठाते हैं और नहीं समझते, भुगतते हैं। आम आदमी की जबान में कहें तो चक्रवृद्धि ब्याज नियमित तौर पर निवेश की गई मामूली सी राशि को विशाल संपत्ति में बदल सकता है।

जल्द निवेश के फायदे

जल्दी शुरुआत करना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि आप जल्द निवेश करना शुरू करते हैं तो आपके धन को बढ़ने के लिए ज्यादा समय मिलेगा। मसलन यदि आप 20 साल की उम्र में 5,000 रुपए प्रति माह का निवेश शुरू करते हैं तो 12 प्रतिशत की दर से 60 साल में 5.93 करोड़ रुपए मिलते हैं।

अनुशासित निवेश आवश्यक है

किसी औसत निवेशक के लिए इतना एकमुश्त निवेश लगभग असंभव है जिससे उसके सेवानिवृत्ति और अन्य निवेश लक्ष्य पूरे हो जाएं। इसलिए, उनके लिए यह अच्छा है कि वे व्यवस्थित निवेश योजना एसआईपी है।